138

संख्या– 99 /XXVII(1)/2011

प्रेषक,

आर0सी0 अग्रवाल,
अपर सचिव, वित्त,
उत्तराखण्ड शासन।

सेवा में,

1– मुख्य नगर अधिकारी,
नगर निगम, देहरादून।
2–मुख्य नगर अधिकारी/ अधिशासी अधिकारी,
नगर निगम, हरिद्वार/ हल्द्वानी।

वित्त अनुभाग–1 देहरादून:: दिनांक:24 :फरवरी, 2012

विषयः–तृतीय राज्य वित्त आयोग, उत्तराखण्ड की संस्तुतियों की प्रत्याशा में नगर निगमों को वित्तीय वर्ष 2011–12 की चतुर्थ किश्त (चतुर्थ त्रैमास) की अवशेष धनराशि का तदर्थ आधार पर संक्रमण।

महोदय,

उपर्युक्त विषय पर मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि तृतीय राज्य वित्त आयोग, उत्तराखण्ड की संस्तुतियों की प्रत्याशा में शासन द्वारा लिये गये निर्णयानुसार नगर निगम–देहरादून, हरिद्वार एवं हल्द्वानी को चालू वित्तीय वर्ष 2011–12 की चतुर्थ किश्त (चतुर्थ त्रैमास) की अवशेष धनराशि **रू0 60176000.00 (₹ छः करोड़ एक लाख छिहत्तर हजार मात्र)** तदर्थ आधार पर संक्रमित किये जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

2– उपर्युक्त धनराशि निम्नलिखित शर्तो एवं प्रतिबन्धों के अधीन संक्रमित की जा रही हैः–

(1) संक्रमित की जा रही धनराशि को कोषागार से आहरित करने के लिये बिल सम्बन्धित जिलाधिकारी द्वारा प्रति हस्ताक्षरित किया जायेगा। संक्रमित की जा रही धनराशि का उपयोग शासनादेश सं0–1674/XXVII/(1)/2006, दिनांक 22 नवम्बर, 2006 द्वारा निर्गत मार्गदर्शक सिद्धान्तों के अन्तर्गत किया जायेगा। इस धनराशि से किसी प्रकार का व्यावर्तन/समायोजन अनुमन्य नहीं होगा।

(2) नगर विकास विभाग संक्रमित धनराशि के नियमानुसार उपयोग की समीक्षा करेंगे तथा इसके समुचित उपयोग के लिये उत्तरदायी होंगे। कोषागार से आहरित धनराशि के बाउचर संख्या तथा दिनांक की सूचना महालेखाकार एवं शासन के वित्त विभाग को भेजेंगे।

(3) निदेशक, शहरी स्थानीय निकाय, निकायों को आवंटित धनराशि के समय से उपयोग हेतु उत्तरदायी होंगे।

(4) शासनादेश में वित्त विभाग द्वारा निर्धारित विशिष्ट शर्तो का अनुपालन विभागीय अधिकारी/वित्त नियंत्रक/मुख्य/वरिष्ठ/लेखाधिकारी अथवा सहायक लेखाधिकारी जैसी भी स्थिति हो, सुनिश्चित करेंगे। यदि निर्धारित शर्तो में किसी प्रकार का विचलन हो तो

वित्त नियंत्रक इत्यादि का दायित्व होगा कि उनके द्वारा मामले की सूचना पूर्ण विवरण सहित तुरन्त वित्त विभाग को दी जायेगी।

3— इस सम्बन्ध में होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2011—12 के आय—व्ययक की **अनुदान संख्या—07 के अन्तर्गत लेखाशीर्षक—3604—स्थानीय निकायों तथा पंचायती राज संस्थाओं को क्षतिपूर्ति तथा समनुदेशन—आयोजनेत्तर—01—नगरीय स्थानीय निकाय—191—नगर निगम—03 राज्य वित्त आयोग द्वारा संस्तुत करों से समनुदेशन—00—20—सहायक अनुदान/अंशदान/राज सहायता** के नामें डाला जायेगा तथा संलग्नक प्रपत्र बी.एम.—15 के कॉलम—01 में दर्शायी गई मदों की बचतों से वहन किया जायेगा।

भवदीय,

(आर0सी0 अग्रवाल)
अपर सचिव।

संख्या— 99 (1)/**XXVII(1)/ 2012**, तद्दिनांक।

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः—

1— प्रमुख सचिव, शहरी विकास, उत्तराखण्ड शासन।
2— मण्डलायुक्त, गढ़वाल/कुमायूँ, उत्तराखण्ड।
3— जिलाधिकारी—**देहरादून/** हरिद्वार/ **नैनीताल**, उत्तराखण्ड।
4— महालेखाकार, उत्तराखण्ड, देहरादून।
5— निदेशक, शहरी एवं नगरीय विकास, 43/6, माता मन्दिर मार्ग, धर्मपुर, देहरादून।
6— निदेशक, कोषागार एवं लेखा हकदारी, 23—लक्ष्मी रोड़, उत्तराखण्ड, देहरादून।
7— मुख्य/वरिष्ठ/ कोषाधिकारी, उत्तराखण्ड।
8— विभागीय अधिकारी/वित्त नियंत्रक/मुख्य/वरिष्ठ लेखाधिकरी जैसी भी स्थिति हो।
9— निजी सचिव, मा0 मुख्यमंत्री जी, उत्तराखण्ड।
10— एन0 आई0सी0 सचिवालय, उत्तराखण्ड, देहरादून।
11— वित्त आयोग निदेशालय, उत्तराखण्ड शासन।

आज्ञा से,

(आर.सी.अग्रवाल)
अपर सचिव।

शासनादेश संख्याः 99 /XXVII (i)/2012

दिनांकः २५ : फरवरी, 2012 का संलग्नक।

तृतीय राज्य वित्त आयोग की संस्तुतियों की प्रत्याक्षा में द्वितीय राज्य वित्त आयोग,उत्तराखण्ड द्वारा संस्तुत अनुदान के अनुसार वितीय वर्ष 2011–12 हेतु नगर निगमों को तदर्थ रूप देय चतुर्थ किश्त की अवशेष धनराशि का संकमण।

(धनराशि हजार में)

क0 सं0	शहरी स्थानीय निकाय का नाम	चतुर्थ किश्त की अवशेष धनराशि	स्ट्रीट लाईट के विद्युत देयकों के भुगतान हेतु कुछ अंश की कटौती	चतुर्थ किश्त हेतु अवमुक्त संग्रमण
1	*2*	*3*	*4*	*5*
नगर निगम				
1-	देहरादून	47424.00	10670.00	36754.00
2-	हरिद्वार	14071.00	1477.00	12594.00
3-	हल्द्वानी	13972.00	3144.00	10828.00
	योग	**75467.00**	**15291.00**	**60176.00**

(रू0 छः करोड़ एक लाख छियहत्तर हजार मात्र)

(आर.सी. अग्रवाल)
अपर सचिव।

प्रपत्र बी0एम0 –15

पुनर्विनियोग विवरण

(जैसा कि उल्लेख प्रस्तर– 178 में है)

नियन्त्रक अधिकारी– अपर मुख्य सचिव, वित्त प्रशासनिक विभाग– वित्त विभाग अनुदान संख्या–07

(धनराशि हजार में)

बजट प्राविधान एवं लेखाशीर्षक	मानक मदवार अद्यावधिक व्यय	वित्तीय वर्ष की शेष अवधि में अनुमानित व्यय	अवशेष धनराशि	लेखाशीर्ष, जिसमें धनराशि स्थानान्तरित की जानी है तथा धनराशि	पुनर्विनियोग के उपरान्त स्तम्भ–5 की कुल धनराशि	पुनर्विनियोग के उपरान्त स्तम्भ–1 में अवशेष धनराशि
1	2	3	4	5	6	7
3604– स्थानीय निकायों तथा पंचायती राज संस्थाओं की क्षतिपूर्ति तथा समनुदेशन 01– नगरीय स्थानीय निकाय 192– नगर पालिका/ नगर निकाय 03– राज्य वित्त आयोग द्वारा सस्तुत करों से समनुदेशन 20– सहायक अनुदान/अंशदान /राज सहायता–1089400	681435	328465	79500	3604– स्थानीय निकायों तथा पंचायती राज संस्थाओं की क्षतिपूर्ति तथा समनुदेशन 01– नगरीय स्थानीय निकाय 191– नगर निगम 03– राज्य वित्त आयोग द्वारा सस्तुत करों से समनुदेशन 20– सहायक अनुदान/अंशदान /राज सहायता–79500	410900	1009900
योगः– 1089400	**681435**	**328465**	**79500**		**410900**	**1009900**

प्रमाणित किया जाता है कि उक्त पुनर्विनियोग से बजट मैनुअल के प्रस्तर–150–156 में उल्लिखित प्राविधानों एवं सीमाओं का उल्लंघन नहीं होता है।

पुनर्विनियोग स्वीकृति।

(आर.सी. अग्रवाल)
अपर सचिव, वित्त

संख्याः– 99-A /XXVII(1)/2012 एवं दिनांक 24/02/2012

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1– महालेखाकार, उत्तराखण्ड शासन।

2– समस्त जिला मुख्य/वरिष्ठ कोषाधिकारी/कोषाधिकारी, देहरादून, हल्द्वानी एवं हरिद्वार।

3– मुख्य नगर अधिकारी/ अधिशासी अधिकारी, नगर निगम, देहरादून, हरिद्वार एवं हल्द्वानी।

आज्ञा से,

(आर.सी. अग्रवाल)
अपर सचिव, वित्त

57